07

# त्रिकोणमितीय सर्वसमिकाएँ (Trigonometric Indentities)

## 7.01 प्रस्तावना (Introduction)

हमने पूर्व अध्याय में त्रिकोणमितीय अनुपातों एवं उनमें पारस्परिक सम्बन्धों में अध्ययन किया है। इस अध्याय में त्रिकोणमितीय सर्वसमिकाओं का अध्ययन करेंगे।

### त्रिकोणमितीय सर्वसमिकायें:

त्रिकोणमितीय सर्वसमिका त्रिकोणमितीय सम्बन्धित कोणों के सभी मानों के लिए सत्य होती है। यहाँ निम्न सर्वसमिकाओं की उत्पत्ति पर विचार करते हैं।

आकृतिनुसार, $\Delta ABC$ में $\angle B$ समकोण है। कोण $\theta$ के लिए, BC लम्ब, AB आधार व AC कर्ण होगा।

अतः $$BC^2 + AB^2 = AC^2 \qquad \ldots(1)$$


समीकरण (1) के प्रत्येक पद को $AC^2$ से भाग देने पर

$$\frac{BC^2}{AC^2} + \frac{AB^2}{AC^2} = \frac{AC^2}{AC^2}$$

$$\Rightarrow \quad \left(\frac{BC}{AC}\right)^2 + \left(\frac{AB}{AC}\right)^2 = \left(\frac{AC}{AC}\right)^2$$

$$\Rightarrow \quad (\sin\theta)^2 + (\cos\theta)^2 = 1$$

$$\Rightarrow \quad \sin^2\theta + \cos^2\theta = 1 \qquad \ldots(2)$$




आकृति 7.01

यह सभी $\theta$, जहाँ $0^o \le \theta \le 90^o$ के लिए सत्य होता है।

यह एक सर्वसमिका है,

अब समीकरण (1) के प्रत्येक पद को $AB^2$ से भाग देने पर

$$\frac{BC^2}{AB^2} + \frac{AB^2}{AB^2} = \frac{AC^2}{AB^2}$$

$$\left(\frac{BC}{AB}\right)^2 + \left(\frac{AB}{AB}\right)^2 = \left(\frac{AC}{AB}\right)^2$$

$$(\tan\theta)^2 + 1 = (\sec\theta)^2$$

$$\Rightarrow \quad \tan^2\theta + 1 = \sec^2\theta$$

$$\Rightarrow \quad 1 + \tan^2\theta = \sec^2\theta \qquad \ldots(3)$$

अब समीकरण (1) के प्रत्येक पद को $BC^2$ से भाग देने पर

$$\frac{BC^2}{BC^2} + \frac{AB^2}{BC^2} = \frac{AC^2}{BC^2}$$

$$\left(\frac{BC}{BC}\right)^2 + \left(\frac{AB}{BC}\right)^2 = \left(\frac{AC}{BC}\right)^2$$

$$1+(\cot\theta)^2 = (\text{cosec}\,\theta^2)$$

$$1+\cot^2\theta = \text{cosec}^2\theta \quad \ldots(\text{iv})$$

उपरोक्त सर्वसमिकाओं को निम्न प्रकार लिख सकते हैं–

1. $\sin^2\theta + \cos^2\theta = 1$

   या $\sin^2\theta = 1 - \cos^2\theta$

   या $\cos^2\theta = 1 - \sin^2\theta$

2. $1 + \tan^2\theta = \sec^2\theta$

   या $\sec^2\theta - \tan^2\theta = 1$

   या $\tan^2\theta = \sec^2\theta - 1$

3. $1 + \cot^2\theta = \text{cosec}^2\theta$

   या $\text{cosec}^2\theta - \cot^2\theta = 1$

   या $\cot^2\theta = \text{cosec}^2 - 1$

**सारणी**

| | $\sin\theta$ | $\cos\theta$ | $\tan\theta$ | $\cot\theta$ | $\sec\theta$ | $\text{cosec}\,\theta$ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| $\sin\theta$ | $\sin\theta$ | $\sqrt{1-\cos^2\theta}$ | $\frac{\tan\theta}{\sqrt{1+\tan^2\theta}}$ | $\frac{1}{\sqrt{1+\cot^2\theta}}$ | $\frac{\sqrt{\sec^2\theta-1}}{\sec\theta}$ | $\frac{1}{\text{cosec}\,\theta}$ |
| $\cos\theta$ | $\sqrt{1-\sin^2\theta}$ | $\cos\theta$ | $\frac{1}{\sqrt{1+\tan^2\theta}}$ | $\frac{\cot\theta}{\sqrt{1+\cot^2\theta}}$ | $\frac{1}{\sec\theta}$ | $\frac{\sqrt{\text{cosec}^2\theta-1}}{\text{cosec}\,\theta}$ |
| $\tan\theta$ | $\frac{\sin\theta}{\sqrt{1-\sin^2\theta}}$ | $\frac{\sqrt{1-\cos^2\theta}}{\cos\theta}$ | $\tan\theta$ | $\frac{1}{\cot\theta}$ | $\sqrt{\sec^2\theta-1}$ | $\frac{1}{\sqrt{\text{cosec}^2\theta-1}}$ |
| $\cot\theta$ | $\frac{\sqrt{1-\sin^2\theta}}{\sin\theta}$ | $\frac{\cos\theta}{\sqrt{1-\cos^2\theta}}$ | $\frac{1}{\tan\theta}$ | $\cot\theta$ | $\frac{1}{\sqrt{\sec^2\theta-1}}$ | $\sqrt{\text{cosec}^2\theta-1}$ |
| $\sec\theta$ | $\frac{1}{\sqrt{1-\sin^2\theta}}$ | $\frac{1}{\cos\theta}$ | $\sqrt{1+\tan^2\theta}$ | $\frac{\sqrt{1+\cot^2\theta}}{\cot\theta}$ | $\sec\theta$ | $\frac{\text{cosec}\,\theta}{\sqrt{\text{cosec}^2\theta-1}}$ |
| $\text{cosec}\,\theta$ | $\frac{1}{\sin\theta}$ | $\frac{1}{\sqrt{1-\cos^2\theta}}$ | $\frac{\sqrt{1+\tan^2\theta}}{\tan\theta}$ | $\sqrt{1+\cot^2\theta}$ | $\frac{\sec\theta}{\sqrt{\sec^2\theta-1}}$ | $\text{cosec}\,\theta$ |

## दृष्टांतीय उदाहरण

**उदाहरण-1.** सिद्ध किजिए कि $\cot\theta + \tan\theta = \text{cosec}\,\theta\sec\theta$

**हल:** LHS (वाम पक्ष) $= \cot\theta + \tan\theta$

$$= \frac{\cos\theta}{\sin\theta} + \frac{\sin\theta}{\cos\theta} = \frac{\cos^2\theta + \sin^2\theta}{\sin\theta\cos\theta} \qquad (\because \sin^2\theta + \cos^2\theta = 1)$$

$$= \frac{1}{\sin\theta\cos\theta} = \frac{1}{\sin\theta}\cdot\frac{1}{\cos\theta}$$

$= \operatorname{cosec}\theta \cdot \sec\theta$ = RHS दक्षिण पक्ष

**उदाहरण-2.** सिद्ध किजिए कि $(1+\tan^2\theta)(1+\sin\theta)(1-\sin\theta) = 1$

**हल:** LHS (वाम पक्ष) $= (1+\tan^2\theta)(1+\sin\theta)(1-\sin\theta)$

$$= (1+\tan^2\theta)(1-\sin^2\theta)$$

$$= \sec^2\theta\cos^2\theta$$

$$= \frac{1}{\cos^2\theta}\cdot\cos^2\theta$$

$= 1 =$ RHS (दक्षिण पक्ष)

**उदाहरण-3.** सिद्ध किजिए कि $\frac{1}{1+\sin\theta} + \frac{1}{1-\sin\theta} = 2\sec^2\theta$

**हल:** LHS (वाम पक्ष) $= \frac{1}{1+\sin\theta} + \frac{1}{1-\sin\theta}$

$$= \frac{1-\sin\theta+1+\sin\theta}{(1+\sin\theta)(1-\sin\theta)}$$

$$= \frac{2}{1-\sin^2\theta} = \frac{2}{\cos^2\theta} = 2\cdot\frac{1}{\cos^2\theta}$$

$= 2\sec^2\theta$ = RHS (दक्षिण पक्ष)

**उदाहरण-4.** सिद्ध किजिए कि $\sqrt{\frac{1+\cos\theta}{1-\cos\theta}} = \operatorname{cosec}\theta + \cot\theta$

**हल:** LHS (वाम पक्ष) $= \sqrt{\frac{1+\cos\theta}{1-\cos\theta}}$

अंश व हर को $\sqrt{1+\cos\theta}$ से गुणा करने पर

$$\sqrt{\frac{(1+\cos\theta)}{(1-\cos\theta)}\times\frac{(1+\cos\theta)}{(1+\cos\theta)}}$$

$$= \sqrt{\frac{(1+\cos\theta)^2}{1-\cos^2\theta}} = \sqrt{\frac{(1+\cos\theta)^2}{\sin^2\theta}}$$

$$= \frac{1+\cos\theta}{\sin\theta} = \frac{1}{\sin\theta} + \frac{\cos\theta}{\sin\theta}$$

$= \operatorname{cosec}\theta + \cot\theta$ = RHS दक्षिण पक्ष

**उदाहरण-5.** सिद्ध किजिए कि $\left(\sec\theta-\tan\theta\right)^2=\frac{1-\sin\theta}{1+\sin\theta}$

**हल:** LHS (वाम पक्ष) $=\left(\sec\theta-\tan\theta\right)^2$

$$=\left(\frac{1}{\cos\theta}-\frac{\sin\theta}{\cos\theta}\right)^2=\left(\frac{1-\sin\theta}{\cos\theta}\right)^2$$

$$=\frac{\left(1-\sin\theta\right)^2}{\cos^2\theta}=\frac{\left(1-\sin\theta\right)^2}{1-\sin^2\theta}$$

$$=\frac{\left(1-\sin\theta\right)\left(1-\sin\theta\right)}{\left(1-\sin\theta\right)\left(1+\sin\theta\right)}$$

$=\frac{1-\sin\theta}{1+\sin\theta}=$ RHS (दक्षिण पक्ष)

**उदाहरण-6.** सिद्ध कीजिए कि $\frac{\sin\theta}{1+\cos\theta}+\frac{1+\cos\theta}{\sin\theta}=2\operatorname{cosec}\theta$

**हल:** LHS (वाम पक्ष) $=\frac{\sin\theta}{1+\cos\theta}+\frac{1+\cos\theta}{\sin\theta}$

$$=\frac{\sin^2\theta+\left(1+\cos\theta\right)^2}{\sin\theta\left(1+\cos\theta\right)}$$

$$=\frac{\sin^2\theta+1+\cos^2\theta+2\cos\theta}{\sin\theta\left(1+\cos\theta\right)}$$

$$=\frac{1+\sin^2\theta+\cos^2\theta+2\cos\theta}{\sin\theta\left(1+\cos\theta\right)}$$

$$=\frac{1+1+2\cos\theta}{\sin\theta\left(1+\cos\theta\right)}=\frac{2+2\cos\theta}{\sin\theta\left(1+\cos\theta\right)}$$

$$=\frac{2\left(1+\cos\theta\right)}{\sin\theta\left(1+\cos\theta\right)}=\frac{2}{\sin\theta}=2\cdot\frac{1}{\sin\theta}$$

$=2\operatorname{cosec}\theta=$ RHS (दक्षिण पक्ष)

**उदाहरण-7.** सिद्ध कीजिए $\frac{\sin\theta-2\sin^3\theta}{2\cos^3\theta-\cos\theta}=\tan\theta$

**हल:** LHS (वाम पक्ष) $=\frac{\sin\theta-2\sin^3\theta}{2\cos^3\theta-\cos\theta}$

$$=\frac{\sin\theta\left(1-2\sin^2\theta\right)}{\cos\theta\left(2\cos^2\theta-1\right)}$$

$$=\frac{\sin\theta\left[\sin^2\theta+\cos^2\theta-2\sin^2\theta\right]}{\cos\theta\left[2\cos^2\theta-\left(\sin^2\theta+\cos^2\theta\right)\right]}\quad\left(\because\ \sin^2\theta+\cos^2\theta=1\right)$$

$$=\frac{\sin\theta\left[\cos^2\theta-\sin^2\theta\right]}{\cos\theta\left[\cos^2\theta-\sin^2\theta\right]}=\frac{\sin\theta}{\cos\theta}$$

$=\tan\theta\ =$ RHS (दक्षिण पक्ष)

**उदाहरण-8.** सिद्ध कीजिए कि $\frac{1+\sec A}{\sec A}=\frac{\sin^2 A}{1-\cos A}$

**हल:** LHS (वाम पक्ष) $=\frac{1+\sec A}{\sec A}$

$$=\frac{1+\frac{1}{\cos A}}{\frac{1}{\cos A}}=\frac{\frac{\cos A+1}{\cos A}}{\frac{1}{\cos A}}=\frac{\cos A+1}{\cos A}\times\frac{\cos A}{1}$$

$$=\frac{1+\cos A}{1}$$

$$=\frac{(1+\cos A)(1-\cos A)}{1-\cos A}$$ {अंश व हर में $(1-\cos A)$ से गुणा करने पर}

$$=\frac{(1)^2-(\cos A)^2}{1-\cos A}=\frac{1-\cos^2 A}{1-\cos A}$$

$=\frac{\sin^2 A}{1-\cos A}$ = RHS (दक्षिण पक्ष) $\left(\because\ 1-\cos^2 A=\sin^2 A\right)$

**उदाहरण-9.** सिद्ध कीजिए कि $\cos^4\theta-\sin^4\theta=1-2\sin^2\theta$

**हल:** LHS (वाम पक्ष) $=\cos^4\theta-\sin^4\theta$

$=\left(\cos^2\theta\right)^2-\left(\sin^2\theta\right)^2$

$=\left(\cos^2\theta+\sin^2\theta\right)\left(\cos^2\theta-\sin^2\theta\right)$ $\quad\because\quad a^2-b^2=(a+b)(a-b)$

$=1\cdot\left(\cos^2\theta-\sin^2\theta\right)$ $\quad\because\quad \sin^2\theta+\cos^2\theta=1$

$=1\cdot\left(1-\sin^2\theta-\sin^2\theta\right)=1-2\sin^2\theta=$ RHS (दक्षिण पक्ष)

**उदाहरण-10.** यदि $\sin\theta+\cos\theta=p$ और $\sec\theta+\operatorname{cosec}\theta=q$ हो, तो सिद्ध कीजिए कि $q\left(p^2-1\right)=2p$

**हल:** LHS (वाम पक्ष) $=q\left(p^2-1\right)$

$p$ व $q$ का मान रखने पर $=\left(\sec\theta+\operatorname{cosec}\theta\right)\left[\left(\sin\theta+\cos\theta\right)^2-1\right]$

$$=\left(\frac{1}{\cos\theta}+\frac{1}{\sin\theta}\right)\left[\sin^2\theta+\cos^2\theta+2\sin\theta\cos\theta-1\right]$$

$$=\left(\frac{\sin\theta+\cos\theta}{\sin\theta\cos\theta}\right)[1+2\sin\theta\cos\theta-1]$$

$$=\left[\frac{\sin\theta+\cos\theta}{\sin\theta\cdot\cos\theta}\right]\times(2\sin\theta\cos\theta)$$

$$=2[\sin\theta+\cos\theta]=2p=\text{RHS (दक्षिण पक्ष)}$$

**उदाहरण-11.** सिद्ध कीजिए कि $\dfrac{\cot A+\operatorname{cosec}A-1}{\cot A-\operatorname{cosec}A+1}=\dfrac{1+\cos A}{\sin A}$

**हल:** LHS (वाम पक्ष) $=\dfrac{\cot A+\operatorname{cosec}A-1}{\cot A-\operatorname{cosec}A+1}$

$$=\frac{(\cot A+\operatorname{cosec}A)-(\operatorname{cosec}^2 A-\cot^2 A)}{\cot A-\operatorname{cosec}A+1}\qquad(\because\ \operatorname{cosec}^2 A-\cot^2 A=1)$$

$$=\frac{(\operatorname{cosec}A+\cot A)-[(\operatorname{cosec}A+\cot A)(\operatorname{cosec}A-\cot A)]}{\cot A-\operatorname{cosec}A+1}$$

$$=\frac{(\operatorname{cosec}A+\cot A)[1-(\operatorname{cosec}A-\cot A)]}{\cot A-\operatorname{cosec}A+1}$$

$$=\frac{(\operatorname{cosec}A+\cot A)[\cot A-\operatorname{cosec}A+1]}{(\cot A-\operatorname{cosec}A+1)}$$

$$=\operatorname{cosec}A+\cot A$$

$$=\frac{1}{\sin A}+\frac{\cos A}{\sin A}=\frac{1+\cos A}{\sin A}=\text{RHS (दक्षिण पक्ष)}$$

**उदाहरण-12.** सिद्ध कीजिए कि $\left(\dfrac{1+\tan^2 A}{1+\cot^2 A}\right)=\left(\dfrac{1-\tan A}{1-\cot A}\right)^2=\tan^2 A$

**हल:** LHS (वाम पक्ष) $=\dfrac{1+\tan^2 A}{1+\cot^2 A}=\dfrac{\sec^2 A}{\operatorname{cosec}^2 A}$

$$=\left[\frac{\sec A}{\operatorname{cosec}A}\right]^2=\left[\frac{1/\cos A}{1/\sin A}\right]^2=\left[\frac{1}{\cos A}\times\frac{\sin A}{1}\right]^2$$

$$=\left[\frac{\sin A}{\cos A}\right]^2=[\tan A]^2=\tan^2 A=\text{RHS (दक्षिण पक्ष)}$$

अब $\left[\dfrac{1-\tan A}{1-\cot A}\right]^2=\left[\dfrac{1-\dfrac{\sin A}{\cos A}}{1-\dfrac{\cos A}{\sin A}}\right]^2=\left[\dfrac{\dfrac{\cos A-\sin A}{\cos A}}{\dfrac{\sin A-\cos A}{\sin A}}\right]^2$

$$= \left[ \frac{\cos A - \sin A}{\cos A} \times \frac{\sin A}{\sin A - \cos A} \right]^2 = \left[ -\frac{(\sin A - \cos A)}{\cos A} \times \frac{\sin A}{(\sin A - \cos A)} \right]^2$$

$$= \left[ -\frac{\sin A}{\cos A} \right]^2 = [-\tan A]^2 = \tan^2 A = \text{RHS (दक्षिण पक्ष)}$$

## प्रश्नमाला 7.1

1. $\angle\theta$ के लिए सभी त्रिकोणमितीय अनुपातों को $\sec\theta$ के पदों में व्यक्त कीजिए।

2. त्रिकोणमितीय अनुपातों $\sin\theta, \sec\theta, \tan\theta$ को $\cot\theta$ के पदों में व्यक्त कीजिए।

निम्नलिखित को सर्वसमिकाओं की सहायता से सिद्ध कीजिए।

3. $\cos^2\theta + \cos^2\theta\cot^2\theta = \cot^2\theta$

4. $\sec\theta(1-\sin\theta)(\sec\theta+\tan\theta) = 1$

7. $\operatorname{cosec}^2\theta + \sec^2\theta = \operatorname{cosec}^2\theta\sec^2\theta$

6. $\sqrt{\dfrac{1-\sin\theta}{1+\sin\theta}} = \sec\theta - \tan\theta$

7. $\sqrt{\sec^2\theta + \operatorname{cosec}^2\theta} = \tan\theta + \cot\theta$

8. $\dfrac{\tan\alpha + \tan\beta}{\cot\alpha + \cot\beta} = \tan\alpha\tan\beta$

9. $\dfrac{1+\sin\theta}{\cos\theta} = \dfrac{\cos\theta}{1+\sin\theta} = 2\sec\theta$

10. $\dfrac{\sin^4\theta - \cos^4\theta}{\sin^2\theta - \cos^2\theta} = 1$

11. $\cot\theta - \tan\theta = \dfrac{1-2\sin^2\theta}{\sin\theta\cos\theta}$

12. $\cos^4\theta + \sin^4\theta = 1 - 2\cos^2\theta\sin^2\theta$

13. $(\sec\theta - \cos\theta)(\cot\theta + \tan\theta) = \tan\theta\sec\theta$

14. $\dfrac{1-\tan^2\alpha}{\cot^2\alpha - 1} = \tan^2\alpha$

15. $\dfrac{\sin\theta}{1-\cos\theta} = \dfrac{1+\cos\theta}{\sin\theta}$

16. $\sin^6\theta + \cos^6\theta = 1 - 3\sin^2\theta\cos^2\theta$

17. $\dfrac{\tan\theta}{1-\cot\theta} + \dfrac{\cot\theta}{1-\tan\theta} = 1 + \tan\theta + \cot\theta$

18. $\sin\theta(1+\tan\theta) + \cos\theta(1+\cot\theta) = \operatorname{cosec}\theta + \sec\theta$

19. $\sin^2\theta\cos\theta+\tan\theta\sin\theta+\cos^3\theta=\sec\theta$

20. $\dfrac{\tan\theta}{1-\cot\theta}+\dfrac{\cot\theta}{1-\tan\theta}=1+\sec\theta\,\text{cosec}\,\theta$

21. $(\sin A+\text{cosec}A)^2+(\cos A+\sec A)^2=7+\tan^2 A+\cot^2 A$

22. $\sin^8\theta-\cos^8\theta=(\sin^2\theta-\cos^2\theta)(1-2\sin^2\theta\cos^2\theta)$

23. $\sqrt{\dfrac{\sec\theta+1}{\sec\theta-1}}=\cot\theta+\text{cosec}\,\theta$

24. $\dfrac{(1+\cot\theta+\tan\theta)(\sin\theta-\cos\theta)}{\sec^3\theta-\text{cosec}^3\theta}=\sin^2\theta\cos^2\theta$

27. $\dfrac{\sin\theta+\cos\theta}{\sin\theta-\cos\theta}+\dfrac{\sin\theta-\cos\theta}{\sin\theta+\cos\theta}=\dfrac{2}{1-2\cos^2\theta}=\dfrac{2}{2\sin^2\theta-1}$

26. $\dfrac{\cos A}{1-\tan A}+\dfrac{\sin A}{1-\cot A}=\sin A+\cos A$

27. $(\text{cosec}A-\sin A)(\sec A-\cos A)=\dfrac{1}{\tan A+\cot A}$

28. $\dfrac{\cos^2\theta}{1-\tan\theta}+\dfrac{\sin^3\theta}{\sin\theta-\cos\theta}=1+\sin\theta\cos\theta$


29. यदि $\sec\theta+\tan\theta=P$ हो, तो सिद्ध करो कि $\dfrac{P^2-1}{P^2+1}=\sin\theta$

30. यदि $\dfrac{\cos A}{\cos B}=m$ तथा $\dfrac{\cos A}{\sin B}=n$ हो, तो सिद्ध कीजिए $(m^2+n^2)\cos^2 B=n^2$

## पूरक कोणों के त्रिकोणमितीय अनुपात

### पूरक कोण

यदि दो कोणों का योग $90^\circ$ हो तो दोनों कोण एक दूसरे के पूरक कोण कहलाते है। किसी न्यून कोण $\theta$ का पूरक कोण $(90^\circ-\theta)$ होगा। समकोण $\Delta ABC$ में $\angle B$ समकोण हो तो $\angle A$ व $\angle C$ का योफल समकोण होगा।



आकृति 7.02

$$\angle A+\angle C=90^\circ$$

यदि $\angle A=\theta$ तो

$\angle C=90^\circ-\theta$ होगा

अतः $\theta$ व $90^\circ-\theta$ परस्पर पूरक कोण होंगे

समकोण $\Delta ABC$ में कोण $\theta$ के लिए भुजा BC तथा AB क्रमशः लम्ब व आधार होंगे।

समकोण $\Delta ABC$ में $(90^\circ-\theta)$ के लिए भुजा AB तथा BC क्रमशः लम्ब व आधार होंगे।

अतः $\Delta ABC$ में को $(90^\circ-\theta)$ व $\theta$ के लिए त्रिकोणमिती अनुपात

$\sin(90^\circ-\theta)=\dfrac{AB}{AC}$ $\qquad$ $\sin\theta=\dfrac{BC}{AC}$

$$\cos(90^\circ-\theta)=\frac{BC}{AC} \qquad \cos\theta=\frac{AB}{AC}$$

$$\tan(90^\circ-\theta)=\frac{AB}{BC} \qquad \tan\theta=\frac{BC}{AB}$$

$$\cot(90^\circ-\theta)=\frac{BC}{AB} \qquad \cot\theta=\frac{AB}{BC}$$

$$\sec(90^\circ-\theta)=\frac{AC}{BC} \qquad \sec\theta=\frac{AC}{AB}$$

$$\operatorname{cosec}(90^\circ-\theta)=\frac{AC}{AB} \qquad \operatorname{cosec}\theta=\frac{AC}{BC}$$

उपर्युक्त समीकरणों की तुलना करने पर

$$\sin(90^\circ-\theta)=\cos\theta \qquad \cos(90^\circ-\theta)=\sin\theta$$

$$\tan(90^\circ-\theta)=\cot\theta \qquad \cot(90^\circ-\theta)=\tan\theta$$

$$\sec(90^\circ-\theta)=\operatorname{cosec}\theta \qquad \operatorname{cosec}(90^\circ-\theta)=\sec\theta$$

जब $0^\circ \le \theta \le 90^\circ$

टिप्पणी: हम कह सकते हैं कि

किसी कोण का sin = उसके पूरक कोण का cos

किसी कोण का tan = उसके पूरक कोण का cot

किसी कोण का sec = उसके पूरक कोण का cosec

इनका विलोम भी सत्य है।

## दृष्टांतीय उदाहरण

**उदाहरण-13.** $\dfrac{\tan 49^\circ}{\cot 41^\circ}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**हल:** $\tan 49^\circ = \cot(90^\circ-49^\circ)=\cot 41^\circ \qquad \{\tan\theta=\cot(90-\theta)\}$

$$\therefore \quad \frac{\tan 49^\circ}{\cot 41^\circ}=\frac{\cot 41^\circ}{\cot 41^\circ}=1$$

**उदाहरण-14.** $\sin^2 50^\circ+\sin^2 40^\circ$ का मान ज्ञात कीजिए।

**हल:** $\because \quad 40^\circ = 90^\circ-50^\circ$

$\therefore \quad \sin 40^\circ=\sin(90^\circ-50^\circ)=\cos 50^\circ$

अतः $\sin^2 50^\circ+\sin^2 40^\circ=\sin^2 50^\circ+\cos^2 50^\circ=1 \qquad (\because \sin^2\theta+\cos^2\theta=1)$

**उदाहरण-15.** $\tan 39^\circ-\cot 51^\circ$ का मान ज्ञात कीजिए।

**हल:** $\tan 39^\circ=\cot(90-39^\circ)=\cot 51^\circ$

अतः $\tan 39^\circ-\cot 51^\circ=\cot 51^\circ-\cot 51^\circ=0$

**उदाहरण-16**. $\sec 50^\circ \sin 40^\circ + \cos 40^\circ \operatorname{cosec} 50^\circ$ का मान ज्ञात कीजिए।

**हल:** $\sec 50^\circ \sin 40^\circ + \cos 40^\circ \operatorname{cosec} 50^\circ$

$$= \operatorname{cosec} 40^\circ \sin 40^\circ + \cos 40^\circ \operatorname{cosec}\left(90^\circ - 40^\circ\right)$$

$$= \operatorname{cosec} 40^\circ \sin 40^\circ + \cos 40^\circ \sec 40^\circ$$

$$= \frac{1}{\sin 40^\circ} \cdot \sin 40^\circ + \cos 40^\circ \cdot \frac{1}{\cos 40^\circ} = 1 + 1 = 2$$

**उदाहरण-17**. सिद्ध कीजिए $\tan 15^\circ \tan 20^\circ \tan 70^\circ \tan 75^\circ = 1$

**हल:** वाम पक्ष (LHS) $= \tan 15^\circ \tan 20^\circ \tan 70^\circ \tan 75^\circ$

$$= \tan 15^\circ \tan 20^\circ \tan\left(90^\circ - 20\right) \tan\left(90^\circ - 15^\circ\right)$$

$$= \tan 15^\circ \tan 20^\circ \cdot \cot 20^\circ \cdot \cot 15^\circ$$

$$= \tan 15^\circ \tan 20^\circ \cdot \frac{1}{\tan 20^\circ \tan 15^\circ} = 1 \text{ (RHS)}$$

**उदाहरण-18**. यदि $\tan 2A = \cot\left(A - 18^\circ\right)$ हो तो A का मान ज्ञात कीजिए।

**हल:**

$$\tan 2A = \tan\left[90 - \left(A - 18^\circ\right)\right]$$

$$\tan 2A = \tan\left(108 - A\right)$$

$$\therefore \quad 2A = 108^\circ - A$$

$$3A = 108^\circ \Rightarrow A = 36^\circ$$

**उदाहरण-19**. निम्न समीकरण से $x$ का मान ज्ञात कीजिए?

$$\operatorname{cosec}\left(90^\circ - \theta\right) + x \cos\theta \cot\left(90^\circ - \theta\right) = \sin\left(90^\circ - \theta\right)$$

**हल:**

$$\operatorname{cosec}\left(90^\circ - \theta\right) + x \cos\theta \cot\left(90^\circ - \theta\right) = \sin\left(90^\circ - \theta\right)$$

$$\sec\theta + x \cos\theta \tan\theta = \cos\theta$$

$$x \sin\theta = \cos\theta - \sec\theta \qquad \left(\because \tan\theta = \frac{\sin\theta}{\cos\theta}\right)$$

$$x = \frac{\cos\theta - \sec\theta}{\sin\theta} = \frac{\cos^2\theta - 1}{\sin\theta\cos\theta} \qquad \left(\because \sec\theta = \frac{1}{\cos\theta}\right)$$

$$= -\left[\frac{1 - \cos^2\theta}{\sin\theta\cos\theta}\right] \qquad \left(\because 1 - \cos^2\theta = \sin^2\theta\right)$$

$$= -\frac{\sin^2\theta}{\sin\theta\cos\theta} \qquad x = -\tan\theta$$

## प्रश्नमाला 7.2

निम्नलिखित के मान ज्ञात करो।

1. (i) $\frac{\cos 37^\circ}{\sin 53^\circ}$ (ii) $\frac{\operatorname{cosec} 32^\circ}{\sec 58^\circ}$ (iii) $\frac{\tan 10^\circ}{\cot 80^\circ}$ (iv) $\frac{\cos 19^\circ}{\sin 71^\circ}$

2. (i) $\operatorname{cosec} 25^\circ - \sec 65^\circ$ (ii) $\cot 34^\circ - \tan 56^\circ$

   (iii) $\frac{\sin 36^\circ}{\cos 54^\circ} - \frac{\sin 54^\circ}{\cos 36^\circ}$ (iv) $\sin\theta\cos(90^\circ - \theta) + \cos\theta\sin(90^\circ - \theta)$

3. (i) $\sin 70^\circ \sin 20^\circ - \cos 20^\circ \operatorname{cosec} 70^\circ$ (ii) $\frac{2\cos 67^\circ}{\sin 23^\circ} - \frac{\tan 40^\circ}{\cot 50^\circ} - \cos 60^\circ$

4. (i) $\left(\frac{\sin 35^\circ}{\cos 55^\circ}\right)^2 + \left(\frac{\cos 55^\circ}{\sin 35^\circ}\right)^2 - 2\cos 60^\circ$ (ii) $\left(\frac{\sin 27^\circ}{\cos 63^\circ}\right)^2 + \left(\frac{\cos 63^\circ}{\sin 27^\circ}\right)^2$

5. (i) $\cot 12^\circ \cot 38^\circ \cot 52^\circ \cot 60^\circ \cot 78^\circ$ (ii) $\tan 5^\circ \tan 25^\circ \tan 30^\circ \tan 45^\circ \tan 65^\circ \tan 85^\circ$

6. निम्न को $0^\circ$ से $45^\circ$ के कोणों के त्रिकोणमितीय अनुपदों के पदों में व्यक्त कीजिए

   (i) $\sin 81^\circ + \sin 71^\circ$ (ii) $\tan 68^\circ + \sec 68^\circ$

निम्नलिखित को सिद्ध कीजिए:

7. $\sin 65^\circ + \cos 25^\circ = 2\cos 25^\circ$

8. $\sin 35^\circ \sin 55^\circ - \cos 35^\circ \cos 55^\circ = 0$

9. $\frac{\cos 70^\circ}{\sin 20^\circ} + \frac{\cos 59^\circ}{\sin 31^\circ} - 8\sin^2 30^\circ = 0$

10. $\sin(90^\circ - \theta)\cos(90^\circ - \theta) = \frac{\tan\theta}{1 + \tan^2\theta}$

11. $\frac{\cos(90^\circ - \theta)\cos\theta}{\tan\theta} + \cos^2(90^\circ - \theta) = 1$

12. $\frac{\tan(90^\circ - \theta)\cot\theta}{\operatorname{cosec}^2\theta} - \cos^2\theta = 0$

13. $\frac{\cos(90^\circ - \theta)\sin(90^\circ - \theta)}{\tan(90^\circ - \theta)} = \sin^2\theta$

14. $\frac{\sin\theta\cos(90^\circ - \theta)\cos\theta}{\sec(90^\circ - \theta)} + \frac{\cos\theta\sin(90^\circ - \theta)\sin\theta}{\operatorname{cosec}(90^\circ - \theta)} = \sin\theta\cos\theta$

17. यदि $\sin 3\theta = \cos(\theta - 6^\circ)$ यहाँ $3\theta$ और $(\theta - 6^\circ)$ न्यूकोण है तो $\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

16. यदि $\sec 5\theta = \operatorname{cosec}(\theta - 36^\circ)$ यहाँ $5\theta$ एक न्यूकोण है तो $\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

17. यदि A, B और C किसी त्रिभुज ABC के अन्तः कोण हो तो सिद्ध कीजिए कि $\tan\left(\frac{B+C}{2}\right) = \cot\frac{A}{2}$

18. यदि $\cos 2\theta = \sin 4\theta$ हो और $2\theta$ व $4\theta$ न्यूनकोण हो तो $\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

# उत्तरमाला

## प्रश्नमाला 7.1

1. $\sin\theta = \dfrac{\sqrt{\sec^2\theta - 1}}{\sec\theta}$, $\cos\theta = \dfrac{1}{\sec\theta}$, $\tan\theta = \sqrt{\sec^2\theta - 1}$, $\cot\theta = \dfrac{1}{\sqrt{\sec^2\theta - 1}}$, $\operatorname{cosec}\theta = \dfrac{\sec\theta}{\sqrt{\sec^2\theta - 1}}$

2. (i) $\sin\theta = \dfrac{1}{\sqrt{1+\cot^2\theta}}$, $\tan\theta = \dfrac{1}{\cot\theta}$, $\sec\theta = \dfrac{\sqrt{1+\cot^2\theta}}{\cot\theta}$

## प्रश्नमाला 7.2

1. (1) 1 (ii) 1 (iii) 1 (iv) 1

2. (i) 0 (ii) 0 (iii) 0 (iv) 1

3. (i) 0 (ii) 1 / 2

4. (i) 1 (ii) 2

5. (i) $\dfrac{1}{\sqrt{3}}$ (ii) $\dfrac{1}{\sqrt{3}}$

6. (i) $\cos 9^\circ + \cos 19^\circ$ (ii) $\cot 22^\circ + \operatorname{cosec} 22^\circ$

15. $\theta = 24^\circ$

16. $\theta = 21^\circ$

18. $\theta = 15^\circ$